● पटना, दिल्ली व कोलकाता से एक साथ प्रसारित ● E-mail- bordernewsmirror@gmail.com ● Website- bordernewsmirror.com

BORDER NEWS MIRROR
BNM
to the point...

पटना
शनिवार, 02 जुलाई 2022
वर्ष: 03, अंक: 402,
पृष्ठ: 10, मूल्य: 5 रूपए

दैनिक
# बॉर्डर न्यूज मिरर
द्विभाषिक समाचार पत्र ...खबरों से समझौता नहीं



सरकार और विपक्ष के लिए बाढ़ मुद्दा क्यों नहीं: पप्पू यादव 02

कंगना ने की नए सीएम शिंदे की तारीफ 04

## महाराष्ट्र में फ्लोर टेस्ट मामले पर 11 जुलाई को सुनवाई करेगा SC

**बीएनएम@नई दिल्ली।**



महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की ओर से कपिल सिब्बल ने शिवसेना की याचिका को सुप्रीम कोर्ट में मेंशन करते हुए कहा कि शिंदे गुट का किसी के साथ विलय नहीं हुआ है। अब फ्लोर में दोनों पक्ष व्हिप जारी करेंगे, जो अवैध होगा।

तब कोर्ट ने कहा कि स्थिति पर हमारी नजर है। हमने दरवाजे बंद नहीं किए हैं। वहां प्रक्रिया चलने दीजिए और 11 जुलाई को सुनवाई होगी।सुप्रीम कोर्ट ने 29 जून को महाराष्ट्र में 30 जून को होने वाले फ्लोर टेस्ट पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। महाराष्ट्र में फ्लोर टेस्ट की नौबत ही नहीं आई और उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। भाजपा के समर्थन से शिवसेना के असंतुष्ट खेमे के नेता एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है।

## मृतकों की संख्या 17 हुई, राहत एवं बचाव कार्य जारी




**बीएनएम@मणिपुर।** मृतक परिजनों को 5 लाख, घायलों को 50 हजार की मदद: सीएमइंफाल (मणिपुर)। मणिपुर के नोनी जिला में रेलवे निर्माण स्थल पर हुए भारी भूस्खलन के कारण शुक्रवार तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को मलबे से नौ और शव निकाले गए।भूस्खलन की घटना बुधवार रात टुपुल यार्ड रेलवे कंस्ट्रक्शन कैंप में हुई। जिरीबाम से इंफाल तक निर्माणाधीन रेलवे लाइन की सुरक्षा के लिए नोनी जिला के टुपुल रेलवे स्टेशन के पास 11 गोरखा राइफल्स के तहत टेरिटोरियल आर्मी की 107 बटालियन तैनात थी, जहां भारी भूस्खलन हुआ।शुक्रवार को मौके पर पहुंचे मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि घटना के बाद से बचाव अभियान जारी है, लेकिन बारिश और भूस्खलन के कारण मौके पर बचाव दल तेजी से नहीं पहुंच पाए हैं। बचावकर्मियों ने गुरुवार से इलाके में पहुंचने की कोशिश की और कुल 8 शव निकाले व 18 लोगों को बचाया। शुक्रवार को 9 और शव बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना, असम राइफल्स, टेरिटोरियल आर्मी, राष्ट्रीय आपदा

विशेष समाचार

## पाँच जुलाई को बिहार आएंगी द्रौपदी मुर्मू



**बीएनएम@पटना।** राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू पांच जुलाई को बिहार आयेंगी। वे समर्थन के लिए यहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ एनडीए के नेताओं से मुलाकात करेंगी। हालांकि, जदयू ने पहले ही उनका समर्थन कर दिया है।जानकारी के अनुसार मुर्मू जदयू और भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ मुलाकात करने के अलावा एनडीए के अन्य घटक दलों के नेताओं से मिल सकती हैं। साथ ही गैर एनडीए दलों के नेताओं से भी मुलाकात करेंगी।उल्लेखनीय है कि गणित के हिसाब से राष्ट्रपति चुनाव के लिए बिहार के वोटों का महत्व बहुत ज्यादा है। बिहार के सांसदों के वोट का मूल्य 39200 है। बिहार में विधायकों की संख्या 243 है जबकि सांसदों की संख्या कुल 56 है। इनमें लोकसभा के 40 और राज्यसभा के 16 सदस्य हैं।

राष्ट्रपति चुनाव के लिए बिहार के पास राज्यसभा, लोकसभा और विधानसभा तीनों मिला कर कुल 81 हजार 239 मूल्य के वोट हैं। राष्ट्रपति चुनाव में बिहार के एक विधायक के मत का मूल्य 173 है। इस तरह विधायकों के कुल मत का वैल्यू 42 हजार 39 है। इन मतों की अहम भूमिका द्रौपदी मुर्मू को जिताने में रहने वाली है।

# PM की मौजूदगी में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज

### आयोजन स्थल पर व्यापक सुरक्षा इंतजाम, आला अधिकारियों ने की सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा

**पुलिस आयुक्त ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ एचआईसीसी में आयोजित होने वाली बैठक को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।**

**बीएनएम@हैदराबाद**



भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की 2 जुलाई से शुरू हो रही दो दिवसीय बैठक के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी हिस्सा ले रहे हैं। वे दोनों दिन मौजूद रहेंगे। साइबराबाद पुलिस आयुक्त स्टीफन रविंद्रा ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ एचआईसीसी में आयोजित होने वाली इस बैठक को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस आयुक्त स्टीफन रविंद्रा ने बताया कि व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के तहत दिल्ली से विशेष तौर पर आए एसपीजी जवानों के अतिरिक्त पड़ोसी जिलों से बुलाए गए पुलिस के जवानों का बहुस्तरीय सुरक्षा घेरा होगा।

सुरक्षा व्यवस्था के साथ यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। सभी पुलिसकर्मी समन्वय के साथ टीम भावना के रूप में कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के आगमन पर उनके बैठक में भाग लेने, जनसभा को संबोधित करने से लेकर उनके आवास तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के संचालन हेतु कमान कंट्रोल स्थापित किया है। इसके जरिए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएँगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी संबंधी समारोह स्थल और जनसभा स्थल की एंटी सैबोटेज टीम, बम निरोधक दस्ते के जरिए गहराई से छानबीन करवाई जा रही है।

## असम: 25 जिलों की 29,80,493 आबादी अभी भी बाढ़ से प्रभावित



**बीएनएम@ गुवाहाटी।** असम में अप्रैल महीने की बाढ़ के बाद गत 13 जून से आरंभ हुई बरसात के चलते राज्य में आई दूसरी बाढ़ के हालात में काफी सुधार तो हुआ लेकिन 25 जिलों के 2,608 गांवों की 29,80,493 आबादी अभी भी बाढ़ से प्रभावित है।असम राज्य आपदा प्रबंधन विभाग (एसडीएमए) की ओर से गुरुवार रात तक के जारी आंकड़ों के अनुसार बाढ़ में राज्य की 76115.55 हेक्टेयर फसल अभी भी जलमग्न है। गुरुवार रात तक 08 लोगों की जान चली गई।

राज्य में दो बार की बाढ़ के दौरान गत 6 अप्रैल से अब तक कुल 159 (बाढ़ में 141 और भूस्खलन में 18) लोगों की जान चली गई है जबकि 3,05,565 बाढ़ प्रभावित लोग 551 राहत शिविरों में रह रहे हैं। 355 राहत वितरण केंद्र अभी भी प्रभावित क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। राज्य में बाढ़ की स्थिति में सुधार हो रहा है, प्रभावित क्षेत्रों से बाढ़ का पानी घट रहा है।मुख्यमंत्री डॉ. सरमा शुक्रवार को बराक घाटी के बाढ़ प्रभावित करीमगंज जिले का जायजा लेने पहुंचे हैं।

बायान | कांग्रेस नेता ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा

# एक बार पूरे देश से माफी मांगे नुपुर शर्मा : रमेश

**बीएनएम@नई दिल्ली**



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा को लेकर जो टिप्पणी की है उसको देखते हुए भाजपा को आत्मचिंतन करने की जरूरत है। शर्मा का बयान शर्मसार करने वाला है।

कांग्रेस नेता ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि नूपुर शर्मा को अपने बयान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने भी शर्मा से माफी मांगने के लिए कहा है।कांग्रेस नेता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने शर्मा के बारे में जो बातें कहीं हैं उससे भाजपा का असली चेहरा दुनिया के सामने आ चुका है। रमेश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस टिप्पणी से उन लोगों को राहत मिली है जो नफरत फैला रहे लोगों के विरुद्ध आवाज उठा रहे हैं।

जयराम रमेश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि उदयपुर की घटना भी इसी तरह के गुस्से का परिणाम है। कोर्ट ने कहा है कि देश में इस समय जो तनाव का माहौल बना है उसके लिए भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा के बयान की अहम भूमिका है। ऐसे में शर्मा को देश से माफी मांगनी चाहिए।

न्यायालय ने तो यह भी कहा कि शर्मा के बयान से देश का माहौल खराब हुआ है। इस लिए उन्हें टीवी पर जाकर माफी मांगना चाहिए।उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने आज कहा है कि नूपुर शर्मा को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।

कोर्ट ने पैगंबर पर टिप्पणी के लिए कई राज्यों में नूपुर शर्मा के खिलाफ दर्ज एफआईआर को जांच के लिए दिल्ली स्थानांतरित करने की मांग पर सुनवाई करते हुए ये टिप्पणी की। कोर्ट ने नूपुर शर्मा को हाईकोर्ट जाने को कहा है।

# सरकार और विपक्ष के लिए बाढ़ मुद्दा क्यों नहीं: पप्पू यादव

## बिहार में बढ़ते अपराध और बाढ़ के मुद्दे पर सरकार और विपक्ष को आड़े हाथों लिया

बीएनएम@पटना

जनअधिकार पार्टी (जाप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद पप्पू यादव ने बिहार में बढ़ते अपराध और बाढ़ के मुद्दे पर सरकार और विपक्ष को आड़े हाथों लिया है।

उन्होंने यहां कहा कि एक तरफ राज्य में अपराधी बेलगाम हो रहे हैं और दूसरी तरफ कोसी-सीमांचल के लोग बाढ़ की समस्या झेल रहे हैं लेकिन सत्ता और विपक्ष के लोग सिर्फ कुर्सी का खेल खेलने में लगे हैं। उनके लिए नंबर एक और नंबर दो पार्टी ही सिर्फ मुद्दा बनकर रह गया है।पप्पू यादव ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पटना, हाजीपुर, नालंदा सहित पूरा बिहार अपराध का पर्याय बन चुका है। हाजीपुर में एक सप्ताह के अंदर 12 हत्याएं हुईं। स्वर्ण व्यापारियों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। पूरे बिहार



में पत्रकारों पर हमले हो रहे हैं। अपराध जैसी चीजें सरकार या विपक्ष के लिए कोई मुद्दा क्यों नहीं है। क्या कारण है कि एक सप्ताह विधानसभा चली और इन हत्याओं व अन्य अपराधों पर कोई चर्चा नहीं हुई। शिवहर में स्थिति तनावपूर्ण है जबकि एकबार भी शिवहर का मुद्दा सदन में नहीं उठा।उन्होंने कहा कि आज स्थिति ये है कि सत्ता पक्ष के लिए मुद्दा है 'हिन्दू-मुस्लिम' और विपक्ष के लिए मुद्दा है 'जातिवाद'। सामाजिक सौहार्द के हर मुद्दे पर ये लोग कहां गायब हो जाते हैं। पहली बार देश में ऐसी राजनीति हो रही है जब पक्ष और विपक्ष दोनों अपराधी और दंगाई की पहचान कपड़ों से कर रहा है। इनकी राजनीति का डीएनए ही नफरत पर आधारित है। कोसी सीमांचल के लोग पलायन, बेरोजगारी, गरीबी और बीमारी

## संक्षिप्त समाचार

### पटना के सिविल कोर्ट में बम ब्लास्ट, दारोगा घायल

**पटना।** पटना के सिविल कोर्ट में शुक्रवार दोपहर बम ब्लास्ट हुआ। इस ब्लास्ट में अगमकुआं थाने के दारोगा घायल हो गये। घटना के बाद कोर्ट परिसर में अफरातफरी मच गयी। बम निरोधक दस्ता और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची है।पीरबहोर थाने की पुलिस और प्रशासन के आलाधिकारी पहुंच चुके है और जांच की जा रही है। पटना एसएसपी-सिटी एसपी घटना की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि अगमकुआं थाना पुलिस बरामद बम को कोर्ट में पेश करने के लिए ले गई थी। बम को टेबल पर रखने के दौरान विस्फोट हो गया। इस विस्फोट में दारोगा सहित तीन पुलिस कर्मी घायल हो गए है। घायल पुलिसकर्मी को कान से कुछ सुनाई नहीं दे रहा है। पुलिसकर्मी का इलाज पीएमसीएच में कराया जा रहा है।

### जदयू के एमएलसी नीरज कुमार कोरोना पॉजिटिव

**पटना।** बिहार में जदयू के एमएलसी और पार्टी के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार कोरोना पॉजिटिव हो गये हैं। वे ओमिक्रोन से संक्रमित हैं। उन्होंने खुद को आइसोलेट कर लिया है। साथ ही अपील किया है कि जो भी लोग पिछले दिनों उनके संपर्क में आए हैं, वे भी कोरोना जांच करा लें।दरअसल, विधानमंडल के मानसून सत्र की समाप्ति के ठीक बाद नीरज कुमार कोरोना पॉजिटिव हुए हैं। पिछले कुछ दिनों के दौरान बिहार सहित पूरे देश में कोरोना के मामले बढ़ गए हैं। बिहार में 24 घंटे में 186 नए मामले मिले हैं। इसके साथ बिहार में एक्टिव केसों की संख्या 993 हो गई है। कोरोना के सबसे अधिक पटना में 90 मरीज मिले हैं।

## मनोरम रथ पर हाथी, घोड़ा, ऊंट एवं बैंड बाजों के साथ पटना में निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

बीएनएम@पटना

रंग-बिरंगे फूलों से सुसज्जित 40 फीट की ऊंचाई पर विराजमान भगवान जगन्नाथ, बलदेव एवं देवी सुभद्रा की मनोरम रथ,हाथी, घोड़ा, ऊंट तथा बैंड बाजों के साथ शुक्रवार को निकली जगन्नाथ,बलदेव एवं सुभद्रा की लंबी शोभायात्रा ने पटना वासियों का मन मोह लिया।

भक्तों की ओर से की जा रही जय जगन्नाथ, जय बलदेव एवं जय सुभद्रा के जयघोष से बरबस ही पटनावासी शोभायात्रा की ओर खींचे चले आये। पटना के इस्कॉन मंदिर के तत्वावधान में निकाली गयी इस भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा ने आज पटना के लोगों को पुरी के रथयात्रा का अनुभव कराया।पटना के इस्कॉन मंदिर के तत्वावधान में निकली भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा के अध्यक्ष विजय सिन्हा, पूर्व मंत्री श्याम रजक ने



रथ यात्रा में झाड़ू लगाकर किया। रथ यात्रा पटना के गांधी मैदान, एक्जीविशन रोड, डाक बंगला चौराहा और राम गुलाम चौक होते हुए कई क्षेत्रों से गुजरी, जहां भक्तों ने पुष्पवर्षा कर भगवान जगन्नाथ,बलदेव एवं सुभद्रा की लंबी शोभायात्रा का स्वागत किया। इसके साथ ही संस्था के आजूवन सदस्यों ने रथ का भव्य स्वागत किया और आरती उतारी। इस्कॉन भक्तों एवं अपार जनसमूह ने हरे कृष्ण महामंत्र के कीर्तन से पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। रथयात्रा जहां-जहां से गुजरी वहां लाखों लोगों ने भगवान जगन्नाथ का प्रसाद ग्रहण किया।

## गंगा स्नान के दौरान एक ही परिवार के पांच लोग डूबे, माँ सहित दो बेटी का शव बरामद

बीएनएम@भागलपुर

जिले के सुल्तानगंज स्थित अब्जूगंज गंगा घाट पर शुक्रवार को गंगा स्नान के दौरान एक ही परिवार के पांच लोग डूब गये। जिसमें से एक को सुरक्षित निकाल लिया गया है। तीन लोगों का शव बरामद किया गया है। जबकि एक लापता की खोजबीन जारी है।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने बचाव कार्य शुरू कर दिया है।

गंगा घाट पर बीडीओ, सीओ के नेतृत्व मे खोजबीन की जा रही है।बताया जा रहा है कि अब्जूगंज निवासी सुनील साह की 38 वर्षीय पत्नी ललिता देवी, 19 वर्षीय पुत्री सुप्रिया कुमारी और 17 वर्षीय काजल कुमारी का शव बरामद कर लिया गया है। घटना के बारे मे बताया गया कि श्राद्ध कर्म को लेकर घर




की सभी महिलाएं गंगा स्नान करने गयी थी। एक साथ लगभग 15 लोग गंगा स्नान कर रहे थे। तभी ललिता देवी डूबने लगी। एक के बाद एक सभी बचाने के लिये नदी में घुस गये।

बचाने के क्रम में ही सभी गंगा मे समा गये। घटना की जानकारी मिलते ही बीडीओ समेत अन्य अधिकारी एसडीआरएफ टीम के साथ गंगा घाट पर पहुंचे और शवों की खोजबीन शुरू की। तीन शव को बरामद कर लिया गया। एक को सुरक्षित निकाला गया है। जबकि एक की तलाश जारी है।

हादसे का पता चलते ही स्थानीय लोगों काफी संख्या में गंगा घाट पर जुट गये हैं। उधर मृतक के घर और गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया है। परिजन का रो रोकर बुरा हाल है।

## बीएसएनएल जीएम पर लगाया 8 करोड़ रुपये के गबन का आरोप



**बीएनएम@भागलपुर।** बिहार के सबसे बड़े सृजन घोटाले की जांच अभी पूरी भी नहीं हुई है। वहीं एक और घोटाला की गुंज सुनाई दे रही है। बीएसएनएल कर्मचारी संघ एनएफटीई के जिला सचिव सुनील प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को बीएसएनएल के जीएम महेश कुमार, उप मंडल अभियंता योजना सह स्टेट ऑफिसर एवं सतर्कता अधिकारी नवीन कुमार ठाकुर पर आठ करोड़ रुपए गबन का आरोप लगाया है।इनका कहना है कि जीएम के कार्यकाल में विभाग के स्क्रैप का घोटाला बड़े पैमाने पर हुआ है। कई कार्य के लिए भागलपुर जिला और बांका में टेंडर निकाला गया था लेकिन उसका काम धरातल पर नहीं हुआ और विभाग के द्वारा गलत तरीके से उसका भुगतान कर दिया गया है।इनका कहना है कि जीएम को अपना आवास रहते हुए एचआर लेते रहे थे। जिसको लेकर विभाग के द्वारा उनसे चार लाख का पेमेंट वापस करने का भी आदेश है। अगर इसकी सीबीआई जांच हो जाए तो यह घोटाला और भी बड़ा हो सकता है। उधर इस पूरे मसले पर जीएम का कहना है कि सारे आरोप निराधार हैं और साल में चार बार ऑडिट होता है। जिसमें कुछ भी गलत नहीं है।

### पेपर लीक मामले में आरोपी का शस्त्र लाइसेंस किया गया रद्द

**गया।** जिला पदाधिकारी त्यागराजन एसएम ने आज शस्त्र शाखा के कुछ विभिन्न संचिकाओं का अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में यह पाया गया कि श्री शक्ति कुमार, पिता तारकेश्वर प्रसाद न्यू कॉलोनी थाना डेल्हा जिला गया के शस्त्र अनुज्ञप्ति दिसंबर 2021 को निर्गत किया गया था।

शक्ति कुमार ने ही राम शरण सिंह इवनिंग कॉलेज संचालित करने तथा हाल में इस वर्ष संपन्न बीपीएससी प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा में उक्त कॉलेज परीक्षा केंद्र के रूप में रहने तथा केंद्राधीक्षक के रूप में कार्य करने एवं वर्तमान में बीपीएससी 67वी परीक्षा लीक मामले में जांच भी चल रही है।संचिका के अवलोकन के दौरान जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने उक्त आर्म्स लाइसेंस के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

## प्रधानमंत्री 12 जुलाई को पटना में, विस भवन के शताब्दी समापन समारोह में शामिल होंगे




बीएनएम@पटना

बिहार विधानसभा भवन के शताब्दी समापन समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल होंगे। यह जानकारी विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा ने दी। विधानसभा अध्यक्ष के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 जुलाई को पटना पहुंचेंगे।विधानसभा अध्यक्ष सिन्हा ने गुरुवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी और उन्हें बिहार विधानसभा शताब्दी वर्ष समापन समारोह में शामिल होने का न्योता दिया था। सिन्हा के मुताबिक प्रधानमंत्री ने उनके आग्रह को स्वीकार कर लिया है।उल्लेखनीय है कि पिछले साल अक्टूबर में विधानसभा भवन के शताब्दी समारोह का शुभारंभ राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने किया था। विधानमंडल परिसर में शताब्दी स्मृति स्तंभ का निर्माण भी हो रहा है।

### बसपा की बैठक में पार्टी को मजबूत करने का निर्णय

गया। गया शहर के स्टेशन रोड के समीप एक निजी होटल में बहुजन समाज पार्टी की बैठक की गई। इस बैठक में बहुजन समाज पार्टी के बिहार प्रदेश प्रभारी पीके आजाद उपस्थित हुए। बैठक में जिले के सभी प्रखंडों से प्रखंड अध्यक्ष शामिल हुए। जिसकी अध्यक्षता बहुजन समाज पार्टी के गया जिला अध्यक्ष डॉ शिव वचन ने किया।



### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

बेगूसराय। चेरिया वरियारपुर थाना क्षेत्र के कोरजाना गांव के समीप स्टेट हाइवे- 55 पर सड़क दुर्घटना में घायल छात्र की शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक सकरौली छर्रापट्टी निवासी पवन कुमार महतो का पुत्र हिमांशु कुमार है। परिजनों ने बताया कि पवन महतो का एकलौता पुत्र हिमांशु गुरुवार की शाम दशम वर्ग का कोचिंग कर बाइक से वापस जा रहा था।



### पुलिस ने बरामद किया देसी कट्टा

बांका। जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसुमखर गांव के समीप बहियार से अमरपुर पुलिस ने लावारिश अवस्था में एक देसी कट्टा बरामद किया है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया है कि गुप्त सूचना मिलने पर कुसुमखर गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया। इसी दौरान गांव के नागेश्वर शर्मा की घर के पीछेसे लावारिस अवस्था में एक देशी कट्टा बरामद किया गया।

## BRIEFLY

### डा.राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति बने डा कृष्ण कुमार

मोतिहारी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान एवं वानिकी के डीन डॉ कृष्ण कुमार को डॉ राजेंद्र प्रसाद कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति बनाए जाने पर संस्थान में हर्ष का माहौल है। सूचना के बाद संस्थान के कर्मियो ने आज मिठाई बांट कर खुशी मनायी। मौके पर फॉरेस्ट्री के प्रोफेसर डॉ रमेश कुमार झा ने कहा कि हमारे लिए बड़ी खुशी का विषय है कि इसी संस्था के डीन डॉ कृष्ण कुमार को राजेंद्र प्रसाद कृषि विश्वविद्यालय का वाइस चांसलर बनाया गया।

### कुल्हाड़ी से प्रहार कर महिला की हत्या, दो अभियुक्त गिरफ्तार

बांका। जिले के कटोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत तुलसीवरण गांव में शुक्रवार को कुल्हाड़ी से प्रहार कर एक महिला की हत्या कर दी गयी। कुल्हाड़ी से प्रहार कर महिला की हत्या कर दी गयी। मृतका की पहचान तुलसीवरण गांव निवासी गणेश यादव की पत्नी अलखी देवी (40वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के बाद मृत महिला के परिजनों में कोहराम मच गया। इधर महिला की हत्या होने की सूचना पर घटनास्थल पर कटोरिया थानाध्यक्ष नीरज तिवारी के नेतृत्व में पहुंची। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्याकांड में संलिप्त दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें तुलसीवरण गांव निवासी अमीन यादव व उसका पुत्र रोहित यादव शामिल हैं।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सीवान में किया पौधारोपण

सीवान। आज के समय में प्राकृतिक में संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत ज़रुरी है, पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो हम भी सुरक्षित रहेंगे। उक्त बातें शुक्रवार को सीवान भाजपा कार्यालय में पौधारोपण करने के बाद बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहीं। उन्होंने कहा कि पौधारोपण करने से सबसे पहला और महत्वपूर्ण लाभ यह है कि वे कार्बन डाइऑक्साइड और श्वास ऑक्सीजन का आदान-प्रदान करते हैं। पर्यावरण में ऑक्सीजन की जरुरत सभी को ज्ञात है। पेड़ों न केवल कार्बन डाइऑक्साइड लेते हैं बल्कि वातावरण से कई अन्य हानिकारक गैसों को भी अवशोषित करते हैं जिससे वातावरण को ताजगी मिलती है।स्वास्थ्य मंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे इस मानसून में अधिक से अधिक स्थानों पर पौधारोपण जरूर करें।

### समारोहपूर्वक मना हुल क्रांति दिवस

अररिया। फारबिसगंज के सैफगंज स्कूल के मैदान में आदिवासी समाज ने हुल क्रांति दिवस समारोह पूर्वक मनाया ।सिद्धि कान्हू,चांद-भैरव के नेतृत्व में 1855 में अंग्रेजी हुकूमत और जमींदारों के अत्याचार के खिलाफ पहली बार विद्रोह का बिगुल फूंकते हुए इस दिन चार सौ गांवों के आदिवासी संथाली समाज के लोग झारखंड के साहेबगंज के भोगनाडीह गांव में 50 हजार की संख्या में शंखनाद कर अंग्रेजों से आमने सामने की लड़ाई लड़ी थी।

# बिहार में लगातार हो रही बारिश से नदियां उफान पर, उत्तर बिहार के सीमांचल का हाल-बेहाल



बीएनएम@पटना

**-अररिया में एनएच-327 ई के डायवर्सन पर दो फिट बह रहा पानी**

पटना। बीते तीन से से रुक-रुककर लगातार हो रही बारिश से प्रदेशभर की सभी नदियों के जलस्तर में वृद्धि हुई है। इससे बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए हैं। खासकर उत्तर बिहार के सीमांचल क्षेत्र के जिले ज्यादा प्रभावित हैं। पूर्णिया के कई गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। अररिया में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-327ई के डायवर्सन पर दो फीट से ऊपर पानी बह रहा है। लोग इन क्षेत्रों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित कर राहत दिए जाने और कम्युनिटी किचन शुरु कराने की अपील सरकार से कर रहे हैं। पूर्णिया के अमौर में कनकई नदी के बढ़ते जलस्तर के साथ ही गांवों में पानी घुस चुका है। कई लोग अब भी घरों में फंसे हुए है तो कई लोग गांव से बाहर पुल पर शरण ले रहे हैं। लोगों के सामने अब खाने पीने की आफत आ गयी है। कनकई नदी के उफान से प्रभावित नागरा टोली, सिमलवारी टोला, बाभनडोभ, झानडोभ, हरिपुर, खारीमहीन गांव, हफनिया, तालबारी, चौका डइआबाड़ी, तालबारी महादलित टोला, सुरजापुर जैसे दर्जनों गांव में पानी घुस गया है। कुछ लोग पैठान टोली पुल में शरण लिए हुए है। प्रशासन की ओर से अबतक कोई व्यवस्था नहीं हुई है। बीती रात से ही सिमलवारी नगरा टोली में चार परिवार पानी में फंसा है। ना एनडीआरफ टीम और ना ही एसडीआरफ की टीम ही है। अमौर से झानडोभ जाने वाली सड़क के ऊपर तीन फिट पानी बह रहा है। सड़क के ऊपर से पानी बहने के कारण प्रखंड मुख्यालय से सम्पर्क भंग हो गया। लोगों कम्युनिटी किचन की मांग कर रहे हैं। क्षेत्र का जायज़ा लेने पहुंचे अमौर के पूर्व विधायक सबा ने अंचलाधिकारी से संपर्क कर अविलंब राहत सामग्री मुहैया करने की बात कही है।

प्रशासन की ओर से कोई ठोस व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों में आक्रोश भी काफी है। मुख्यमंत्री से अविलंब अमौर को बाढ़ प्रभावित घोषित कर राहत सामग्री मुहैया कराने की मांग की गई है। अररिया में बाढ़ विकराल रुप लेता जा रहा है। जोकीहाट में लगातार दो दिनों से बारिश हो रही है। दर्जनों गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। एनएच 327 ई पर बोरिया डायवर्सन पर दो फिट पानी का बहाव हो रहा है। बड़े वाहनों का परिचालन ठप है। बकरा नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से पानी निचले इलाकों में प्रवेश कर गया है। इलाके की कई सड़कें डूब गयी हैं। बैरगाछी से उदाहाट को जोड़ने वाली सड़क धोबकट्टा बांध तुरकेली ध्वस्त हो गयी है जिससे यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया है। फैटकी से बगडहरा को जोड़ने वाली सड़क का भी यही हाल है। भागलपुर जिला अंतर्गत बिहपुर में बाढ़ से लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है। हरिओ पंचायत के कोसी पार गांव कहारपुर के वार्ड नंबर 04 में कोसी का कटाव जारी है। तीन घर कटाव की भेंट चढ़ गये। मुखिया प्रतिनिधि सच्चिदानंद सिंह, पंसस अंजू देवी व वार्ड सचिव रविशंकर यादव ने बताया कि जगदीश रविदास, पिंटू रविदास और पंकज रविदास के घर कोसी में विलीन हो गये।

## करंट लगने से एक ही बेड पर सो रही दादी और पोती की हुई मौत



बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी।जिले के पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के सिसहनी चकई टोला में हुई एक हृदयविदारक घटना में एक ही बेड पर दादी पोती की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार एक ही बेड पर सोई दादी और पोती गर्मी से राहत के लिए स्टैंड फैन लगा रखी थी।जो देर रात में अचानक उनके शरीर पर गिर गया।इस बीच स्टैंड फैन में लगी तार उनके शरीर में सट गया और करंट से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। रात गहरी होने के कारण परिजनों को इसकी भनक तक नही लग पायी।सुबह जगने के बाद वाकया देख परिजन सन्न रह गये।इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं सूचना के बाद आसपास के लोगों में भारी भीड़ उमड़ने लगी है। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों शव को अभिरक्षा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पकड़ीदयाल थाना अध्यक्ष सरफराज अहमद ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि करंट लगने से दादी-पोती की मौत हुई है।शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है।

### रैक की कमी से समस्तीपुर-सहरसा अप डाउन कई पैसेंजर ट्रेने रद्द

बीएनएम@सहरसा

सहरसा। बीते महीने छात्र आंदोलन के कारण ट्रेन के रैक की कमी से रेल परिचालन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।अब भी पैसेंजर ट्रेन के यात्रियों को इसकी कमी खल रही है। जिस कारण कई बार समस्तीपुर- सहरसा और सहरसा- समस्तीपुर पैसेंजर ट्रेन को रद्द कर दिया गया है।जिस कारण रेलयात्रियो को भारी परेशानियों के दौर से गुजरना पड़ता है। शुक्रवार को भी समस्तीपुर सहरसा के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 05292 पैसेंजर ट्रेन को रैक के कमी की वजह से स्थगित कर दी गई। ट्रेन संख्या 05277 बनकर सहरसा से समस्तीपुर के बीच रात्रि 10:15 बजे पर खुलती है।रेल अधिकारियों के मुताबिक समस्तीपुर सहरसा ट्रेन नहीं आने की वजह से उक्त ट्रेन भी रद्द कर दी गई है।

## नवादा के विनय झा बने सीमा सुरक्षा बल के आईजी

बीएनएम@नवादा

नवादा। नवादा जिले के गांधी इंटर विद्यालय के पूर्व प्राचार्य स्वर्गीय ब्रह्मदेव झा के पुत्र विनय कुमार झा को भारत के गृह मंत्रालय ने सीमा सुरक्षा बल का आई जी के पद पर प्रोन्नति दी है। जो नवादा सहित बिहार वासियों के लिए गौरव का विषय है ।खासकर नवादा के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। कई जगहों पर मिठाईयां बांटकर विनय झा की इस पदोन्नति के बाद उनके बेहतर जीवन की कामना की गई है। सीमा सुरक्षा बल के आईजी बने विनय झा नवादा के गांधी इंटर स्कूल से पढ़ाई कर नवादा के ही कन्हाई लाल साहू महाविद्यालय में राजनीतिक शास्त्र से स्नातक की पढ़ाई की थी ।1986 में वे सहायक कमांडेंट के पद पर सीमा सुरक्षा बल में योगदान किया था लेकिन विनय झा के बेहतर कार्यों से प्रभावित होकर सरकार ने उन्हें काफी कम उम्र में सीमा सुरक्षा बल का आईजी बनाया है। जिससे नवादा वासी काफी गौरवान्वित है । विनय झा को जम्मू कश्मीर में पदस्थापना के दौरान आतंकवादियों को ढेर करने सहित कई साहसिक कार्यों के लिए पुलिस महानिदेशक ने बेहतर सेवा मेडल से सम्मानित किया था। संयुक्त राष्ट्र संघ के शांति मिशन में बोसनिया तथा हर्जगोविना में भी उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया था । जिसके बल पर उन्हें सीमा सुरक्षा बल के बेहतर पदाधिकारियों में गिनती की जाती रही है ।आज उनके कार्यों ने उन्हें ऊंचा सफलता दिला कर नवादा वासियों को गौरवान्वित किया है। विनय झा के पिता स्वर्गीय ब्रह्मदेव झा नवादा जिले के जाने-माने शिक्षाविद रहे हैं ।नवादा का सबसे बेहतर स्कूल गांधी इंटर स्कूल के प्राचार्य पद पर उन्होंने भी बड़ी ख्याति प्राप्त की थी।



संक्षिप्त समाचार

## घोंघा चुनने गई बच्ची नदी में डूबी, ग्रामीणों ने एक को बचाया

**पताही।** प्रखंड अंतर्गत कछुआ-मोतिया नदी किनारे घोंघा चुनने गई एक बच्ची की मौत हो गई। मृतक बखरी गांव निवासी संजय मंडल की 13 वर्षीय पुत्री पिंकी कुमारी थी। नदी किनारे घोंघा चुनने के क्रम में उसका पांव फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई। इससे उसकी मौत हो गई। वहीं दसई साह की नदी में डूब रही पुत्री नंदनी कुमारी को आसपास मौजूद लोगों ने बचा लिया। मिली जानकारी के अनुसार, दोनों लड़की कछुआ-मोतिया नदी में घोंघा चुनने गई थी। इस बीच दोनों डूबने लगी। दोनों को डूबता देखकर लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। दबाव अधिक होने से पिंकी कुमारी गहरे पानी में चली गई। इससे उसकी मौत हो गई। हालांकि, नंदनी कुमारी को ग्रामीणों ने बचा लिया। घटना के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि पिंकी चार भाई-बहन में सबसे बड़ी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया है।

## ATM कार्ड बदलकर भाग रहा युवक दबोचा

**तुरकौलिया।** एसबीआई तुरकौलिया से एटीएम कार्ड बदलकर भाग रहे एक फ्रॉड को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गए फ्रॉड के पास से पुलिस ने कई बैंकों के 30 एटीएम कार्ड बरामद किया है। उसकी पहचान केसरिया थाना क्षेत्र के चांद पारसा गांव के मुकेश कुमार सिंह के रूप में हुई है। साथ ही इसके पास से पुलिस ने बाइक व मोबाइल भी जब्त किया है। थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि चारगाहा गांव का एक युवक शेख अख्तर बैंक में पैसा निकालने गया था। जिसका कार्ड बदलकर उक्त फ्रॉड भाग रहा था। जिसे राहगीरों के सहयोग से पकड़ा गया है। जिसे स्थानीय लोगों ने थाना को सौंपा है। फ्रॉड के पॉकेट से एसबीआई, पीएनबी, इलाहाबाद, फिनों बैंक सहित 10 अलग अलग बैंकों के 30 एटीएम कार्ड बरामद हुआ है।

# शिक्षा विभाग: भ्रष्टाचार के छींटे BJP के मंत्री पर भी

# क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक बने लूट का सूत्रधार

**बीएनएम@सागर सूरज**

**मोतिहारी।** शिक्षा विभाग में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा विभाग को भेजे एक पत्र के बाद एक लिपिक ब्रोदर्स, क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक के साथ-साथ बिहार सरकार के एक मंत्री के भ्रष्टाचार की गंगोत्री में हांथ धोने की गंदी कहानी अब परत-दर परत खुलने लगी है। पत्र पर अगर भरोसा करे तो क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक,तिरहुत प्रमंडल की मिली भगत से मोतिहारी में पदस्थापित एक लिपिक के सहयोग से जिले के शिक्षा विभाग में खूब लूट मची रही।

हालांकि, जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा किये गए इस उद्भेदन को लेकर जहां विभाग के द्वारा पदाधिकारी को सम्मानित करना चाहिय थी, वही विभाग ने लिपिक के साथ-साथ उक्त पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई का आदेश दे चुकी है। लाजिमी है सवाल उठाना तय है। क्योंकि जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बिहार के शिक्षा विभाग के सचिव को जो प्रमाण भेजा है, उसमें मंत्री के साथ-साथ क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक भी नंगे होते दिख रहे है। जाहिर है जिला शिक्षा पदाधिकारी भी विभाग के रडार पर आ गए।

बता दें कि जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में पदस्थापित एक प्रधान लिपिक सत्येंद्र मिश्र वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थापित है और उन पर आरोप है कि वे शिक्षकों से पैसे लेकर नियम के विरुद्ध उनका ट्रांसफर पोस्टिंग, वरीय की जगह कनीय को विद्यालय का प्रभारी बनाना और फर्जी रूप से बहाल शिक्षकों से अवैध वसूली करते है।

इनके इस कार्य में 15 वर्षों से क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक तिरहुत प्रमंडल मुजफ्फरपुर में पदस्थापित उनके चचेरे भाई विनय कुमार मिश्र उर्फ गुड्डू मिश्र जो वहां प्रधान लिपिक के पद पर कार्यरत है का पूरा सहयोग इनको मिलता रहा है। हद तो ये है कि इनके विरुद्ध जिस अधिकारी ने भी आवाज उठायी उनके विरुद्ध क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक के सहयोग से झूठा मुकदमा करके उनको खामोश करने का प्रयास किया जाता रहा है। इनके शिकार रूपेंद्र कुमार सिंह, तत्कालीन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना पूर्वी चंपारण एवं प्रफुल्ल कुमार मिश्र,




भाग-1

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना आदि भी हो चुके है। सत्येंद्र मिश्र ने अपने पुत्र के माध्यम से माननीय मंत्री गन्ना उद्योग एवं विधि विभाग, बिहार सरकार, बिहार पटना के माध्यम से आवेदन क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक तिरहुत प्रमंडल मुजफ्फरपुर को दिलाया गया और श्री मिश्रा की स्थानांतरण रुकता रहा।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक तिरहुत प्रमंडल मुजफ्फरपुर के कार्यालय में पदस्थापित प्रधान लिपिक विनय कुमार मिश्र उर्फ गुड्डू मिश्र जो सत्येंद्र मिश्र के छोटे चचेरे भाई हैं तथा श्री मिश्र के हर गलत गतिविधियों के संरक्षण देते रहे है, के द्वारा क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक तिरहुत प्रमंडल मुजफ्फरपुर को प्रभावित कर उनके पत्रांक 691 दिनांक 29/04/2022 द्वारा सत्येंद्र मिश्र को पूर्व में आवंटित (स्थापना संभाग) में बने रहने का निर्देश दिया गया।

इतना ही नहीं मिश्रा ब्रोदर्स द्वारा शिक्षा उप निदेशक को प्रभाव में लेकर वर्ष 2021 के मार्च के महीने में ही विभागीय नियमों के विरुद्ध जाकर स्थानांतरण का पत्र निकाल दिया और जम कर उगाही की गयी। फजीहत को देखते हुये क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक ने दूसरी पत्र निकाल कर पुराने आदेश को निरस्त किया। यही नहीं वर्ष 2019 में आरडीडीई मुजफ्फरपुर द्वारा मंगल सेमिनरी उच्च माध्यमिक विद्यालय मोतिहारी में एक पद के रिक्ति के विरुद्ध स्वहित में 2-2 शिक्षकों को स्थानांतरित कर पदस्थापित कर दिया गया, जिसके कारण विद्यालय के सुगमता पूर्वक संचालन कराने में अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही निदेशालय की सुनवाई में भाग लेने तथा माननीय उच्च न्यायालय में मुकदमा में पक्ष रखने के लिए जाना पड़ा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी के पत्र में आरोप लगाया गया कि आरडीडीई मुजफ्फरपुर के स्तर पर कई तरह के अनावश्यक पत्राचार कर कार्यालय को परेशान किया जाता रहा।

बताया गया कि उच्च माध्यमिक विद्यालय बरहरवा लखनसेन, ढाका, एवं मध्य विद्यालय सेमरा बंजरिया में कार्यरत शिक्षिका क्रमशः मुन्नी कुमारी एवं बिंदु कुमारी के आवेदन पर क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक तिरहुत प्रमंडल मुजफ्फरपुर के पत्रांक 574 दिनांक 04/06/2021 द्वारा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, ढाका के आदेश को स्थगित करते हुए कनीय शिक्षक को प्रभारी प्रधानाध्यापक बने रहने का निर्देश दिया गया।

सत्येंद्र कुमार ठाकुर, प्रभारी प्रधानाध्यापक राजकीय मध्य विद्यालय सागर मठिया, प्रखंड चकिया द्वारा आठवीं की उत्तीर्णता का प्रमाण पत्र निर्गत करने के क्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा गलत जन्मतिथि अंकित करने के प्रमाणित साक्ष्य के आरोप में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के ज्ञापांक 922 दिनांक 13/04/2022 द्वारा श्री ठाकुर को निलंबित करने एवं अन्य अनुवर्ती अनुशासन कार्यवाही करने हेतु की गई अनुशंसा को आरडीडीई मुजफ्फरपुर ने अपने पत्रांक 673 दिनांक 29/04/2022 द्वारा सत्येंद्र कुमार ठाकुर के मामले में कार्यवाही नहीं करने का निर्देश देते हुए उन्हें प्रभारी प्रधानाध्यापक बने रहने का निर्देश दिया।

यही नहीं नीलम कुमारी पंचायत शिक्षिका नवसृजित प्राथमिक विद्यालय रामबन मल्लाह टोला, पकड़ीदयाल के मामले में भी आरडीडीई मुजफ्फरपुर के कार्यालय से दबाव बनाया जा रहा है कि अप्रशिक्षित शिक्षकों का वेतन भुगतान कर दिया जाए।

आरोप है ऐसे नियम विरुद्ध आदेश क्षेत्रीय उप शिक्षा निदेशक के माध्यम से जारी करवा कर संबंधित लोगों से जमकर उगाही की गयी। क्रमशः...

## पौधरोपण व रक्तदान शिविर आयोजित कर हुआ रोटरी मोतिहारी लेकटाउन के नए सत्र का आगाज

**मोतिहारी।** रोटरी मोतिहारी लेकटाउन ने शुक्रवार को अपने नए सत्र 2022-23 की शुरूआत पौधरोपण व रक्तदान शिविर आयोजित कर की। वहीं 3250 के नए सत्र में संजीव ठाकुर ने गवर्नर के रूप में अपने कार्यकाल का शुभारंभ किया। महात्मा गांधी केंद्रीय विवि के बनकट स्थित महात्मा बुद्ध परिसर में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर विवि के महात्मा बुद्ध परिसर के निदेशक आशीष श्रीवास्तव मौजूद थे। इसके बाद रेडक्रॉस भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें करीब 26 लोगों ने रक्तदान किया।

## गोल्डेन फ्यूचर फाउन्डेशन संस्था द्वारा डॉक्टर्स सम्मान समारोह आयोजित



**बीएनएम@मोतिहारी।**

गोल्डेन फ्यूचर फाउन्डेशन द्वारा डॉक्टर्स दिवस के अवसर पर तुरकौलिया विवाह भवन में संस्था सस्थापक अध्यक्ष सौरभ प्रजापति कि अध्यक्षता में डॉक्टर्स सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जहां पूर्वी चम्पारण के अनेकों डॉक्टर्स डॉ कुमकुम सिन्हा, डॉ ॠतु रंजन, तुरकौलिया सीएचसी प्रभारी गुलाब सा, पूर्व प्रभारी रीना झा, डॉ. दिलीप कुमार यादव, डॉ. ओमप्रकाश कुमार, डॉ. बेबी आलम, डॉ. अफजल आलम, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. गणेश प्रसाद, डॉ. जावेद आलम, डॉ. विनोद सिंह, डॉ. राजू कुमार, डॉ नितेश कुमार, डॉ चंदन कुमार,

**तुरकौलिया विवाह भवन में संस्था सस्थापक अध्यक्ष सौरभ प्रजापति कि अध्यक्षता में डॉक्टर्स सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।**

सहित अन्य डॉक्टर्सगण को संस्था द्वारा प्रस्सती पत्र तथा पौधा देकर सम्मानित किया गया। वही अतिथि के रूप में विजय रंजन, मनोज कनौजिया, मिथलेश सोनी, हरेंद्र चौधरी, प्रिंस श्रीवस्त्व, संजय यादव सहित गोल्डेन फ्यूचर फाउन्डेशन से नंदलाल गुप्ता, आलोक गुप्ता,रौ शन प्रकाश, अद्यानंद गौतम, शशीकांत कुशवाहा, राजा गुप्ता, अमित कुमार, राजन सोनी, पारस मेहता, शर्मिला कुमारी, मुन्ना कुमार आदि मौजमूद थे।

अभियान | उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव विशेष नामांकन अभियान 2022

## नामांकन रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**बीएनएम@मोतिहारी**



डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने शुक्रवार को वार्षिक परीक्षा 2022 में उत्तीर्ण कक्षा 8 वीं के शत प्रतिशत छात्र/छात्राओं का नामांकन कक्षा नौवीं में सुनिश्चित करने के लिए जिले भर में अभियान को सफल बनाने के लिए प्रचार-प्रसार के माध्यम से कला जत्था युक्त नामांकन रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 1 जुलाई से 15 जुलाई 2022 तक जिले के सभी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव विशेष नामांकन अभियान 2022 चलाया जाएगा। डीएम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि विशेष नामांकन अभियान 2022 के सफल आयोजन के लिए विशेष अभिरुचि लेकर संपूर्ण अभियान का अनुशरण करेंगे तथा अपने स्तर से जिले में जीविका एवं अन्य संबंधित विभागों से संबंध स्थापित करते हुए अभियान को सफल बनाना सुनिश्चित करेंगे। मौके पर डीईओ के अलावा कला जत्था टीम के सदस्य उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

## पुलिस ने 50 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा

**मोतिहारी।** पुलिस ने विगत दिनों विभिन्न थानों में अभियान चलाकर 52 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो को जमानत पर मुक्त किया गया। जबकि, 50 को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। कुल गिरफ्तार अभियुक्तों में 1 बलात्कार सह पॉक्सो अधिनियम, 01 महिला प्रताड़ना एवं 1 हत्या के प्रयास के कांड के आरोपी है।

मुख्य गिरफ्तारियों में ढाका थाना से हुसैनी पिता बजीर ग्राम बहलोलपुर थाना ढाका को बलात्कार सह पॉक्सो अधिनियम, सुगौली थाना से वजीर पिता नुरान मियां ग्राम पंजीयरवा थाना सुगौली को महिला प्रताड़ना एवं घोड़ासहन थाना से मो. इरफान आलम पिता आस मोहम्मद ग्राम पंजीयरवा थाना घोड़ासहन को हत्या का प्रयास के कांड में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में कुल 16 मद्यनिषेध कांड के अभियुक्त हैं।

# मोतिहारी: शिवहर पथ से उतरने लगा बाढ़ का पानी, गंडक नदी के जलस्तर में आई कमी

**वाल्मीकिनगर बराज से गंडक में छोड़ा गया 129000 क्यूसेक पानी।**

**नदियों के जलस्तर में आई कमी से लोगों ने ली राहत की सांस।**

**बीएनएम@मोतिहारी**

जिले में बारिश का असर बरकरार है। हालांकि, गंडक सहित अन्य नदियों के जलस्तर में आई कमी के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।

वाल्मीकिनगर बराज से गंडक में 129000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जो गुरूवार की अपेक्षा छोड़े गए पानी से कम है। गुरूवार को दो लाख क्यूसेक गंडक नदी में पानी छोड़ा गया था। बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण विभाग के पदाधिकारियों ने तटबंधों पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। वहीं बूढ़ी गंढक नदी के तटबंधों पर जाकर जलस्तर की जानकारी



ली। पदाधिकारियों ने चंपारण तटबंध के पुछरिया में स्थिति का जायजा लिया। इधर, पताही प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत देवापुर-बेलवाघाट अंतर्गत मोतिहारी-शिवहर पथ पर चढ़ा बागमती व लालबकेया नदी का पानी धीरे-धीरे उतरने लगा है। लेकिन, कीचड़ फैले होने से आवागमन अब भी बंद है। विदित हो कि गुरूवार को नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से मोतिहारी-शिवहर पथ पर 3-4 पानी चढ़ गया था। इससे आसपास के गांवों के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया था। इनमें देवापुर, जिहुली, खड़यिनिया, पदुमकेर एवं नारायणपुर गांव शामिल थे। अब धीरे-धीरे पानी उतरने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। बारिश का असर कम होने के बाद उक्त सड़क से एक-दो दिन में परिचालन पुनः शुरू हो जाएगा।

जलजमाव से बढ़ी परेशानीशहर में शुक्रवार को कुछ देर के लिए हुई तेज बारिश ने परेशानी बढ़ा दी। सड़क पर जगह-जगह जलजमाव हो गया। इससे राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

बारिश से कुछ देर के लिए बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। हालांकि, बारिश के बाद आपूर्ति बहाल कर दिया गया। लेकिन, कुछ देर के लिए ट्रीपिंग की समस्या से लोग परेशान थे।

## दो बच्चों के डूबने से हुई मौत मामले में पुलिस ने दर्ज की FIR

**बीएनएम@आदापुर।**

पुलिस ने शुक्रवार को दो बच्चे के गड्ढे में डूबने से हुई मौत मामले में मृतक की मां लालसा देवी के आवेदन के आलोक में एक पर एफआईआर दर्ज की। उक्त आवेदन में मृतक आदित्य व अमित के परिजन ने सुदी बेलवा गांव के पोखरा टोला निवासी रहमत मियां को आरोपित किया है।

पुलिस ने आरोपी पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। कुछ दिन पहले आरोपी ने उक्त गड्ढे की खुदाई जेसीबी से कराकर अपने अर्ध निर्मित घर की नींव भराई की थी।

गड्ढे को उसी तरह छोड़ दिया था। बारिश की पानी मे खेत व गड्ढा पानी से बराबर हो गया था। बच्चे घर से निकलकर उक्त गड्ढे के किनारे खेत मे आईठा चुन रहे थे, इसी दौरान दोनों को पता नहीं चला कि गड्ढा है या खेत। दोनों बच्चे उस गड्ढे गिर गये । इससे दोनो बच्चों की मृत्यु अभियुक्त द्वारा खुदाई की गयी गड्ढे में डूबने से बुधवार को हो गयी थी। ऐसा आरोप मृतक के परिजनों ने लगाया है।थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि मृतक के मां लालसा देवी के आवेदन के आलोक में एफआईआर किया गया है। घटना की जांच की जा रही है। पंचायत के मुखिया जितेन्द्र सिंह ने बताया कि उसी गांव के रहमत मियां रात में जेसीबी से गड्ढा खुदाई कर छोड़ दिया था। उसके अहले सुबह बारिश होने लगी पानी से गड्ढा व खेत बराबर हो गया। जबकि नियमतः तीन फीट से अधिक गड्ढा की खुदाई करने का नियम नहीं है। अधिक गहराई गड्ढा खुदाई के लिए ग्राम पंचायत से या संबंधित विभाग से आदेश लेने का प्रावधान है। जबकि, उक्त व्यक्ति के द्वारा खुदाई की गई गड्ढे की गहराई लगभग 14 फिट है।

## माध्यमिक शिक्षक संघ के अनुमंडल अध्यक्ष निर्वाचित हुए ओमप्रकाश–निवर्तमान जिलाध्यक्ष की 17 मतों से हार




**बीएनएम@चकिया**

बाबूलाल साह बालिका इंटर उच्च विद्यालय में शुक्रवार को बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ का अनुमंडल स्तरीय चुनाव सम्पन्न हुआ। कुल चौदह सदस्यों में चार पदों पर चुनाव हुआ, शेष नौ पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में ओमप्रकाश गुप्ता निर्वाचित घोषित किए गए। उन्हें कुल 62 मतों में 38 मत मिले। इस चुनाव में सबसे दिलचस्प बात रही की पिछले तेरह वर्षों से संघ के जिलाध्यक्ष पद पर आसीन सीताराम यादव 62 मतों में सिर्फ 21 मत ही प्राप्त कर सकें। वहीं अनुमंडल सचिव पद पर अभिनव पराशर तथा जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रंजीत पासवान व संजीव रंजन विजयी हुए। बधाई देने वालों में जगन्नाथ प्रसाद, चौधरी रमेश सिंह, शशिरंजन, विजय पांडे, शत्रुघ्न प्रसाद यादव, डॉ रंजीत सिंह, चंदन झा आदि थे।

## डीएसपी के रीडर को शराब के नशे मे किया गिरफ्तार

**चकिया।** चकिया डीएसपी संजय कुमार के रीडर संजय प्रधान को ड्यूटी के दौरान नशे का सेवन करते हुए शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

चकिया अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय मे नियुक्त रीडर संजय प्रधान जगन्नाथपुर, रांची का रहने वाला है। शराब के नशे मे पाए जाने पर अनुमंडलीय अस्पताल मे जांच कराने के बाद रीडर को मोतिहारी भेज दिया गया।

जिले मे शराब को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार बिहार उत्पाद एवं मध निषेध संशोधित अधिनियम के अनुरुप कानूनी कार्रवाई की गई।

**धरपकड़** | आरोपी से एक पिस्टल, एक मैगजीन व चार जिंदा कारतूस बरामद

## पुलिस ने पिस्टल के साथ एक अपराधी को किया गिरफ्तार

**बीएनएम@बेतिया।**

पुलिस को शुक्रवार को बड़ी सफलता मिली। गुप्त सूचना के आधार पर अहवर शेख पासवान चौक से एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। तलाशी में उसके पास से एक पिस्टल, एक मैगजीन व चार जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

वह मझौलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत परसौतपुर वार्ड संख्या-11 निवासी रघुपति यादव का 24 वर्षीय पुत्र भागड़ यादव है। इससे पहले पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि उक्त चौक पर एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा है। पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने लगा। इस बीच पुलिस बलों के सहयोग से उसे पकड़ लिया




गया। बताया जाता है कि उस पर मझौलिया व नौतन थाना में कई कांड दर्ज है। पुलिस ने निशानदेही पर 11 जिंदा कारतूस एवं 7 खोखा भी बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया है कि अपने साथियों के सहयोग से अवैध हथियार का खरीद बिक्री करता है और अपराधियों को भी भाड़े पर अपराध करने के लिए हथियार उपलब्ध कराता है। वहीं अपने साथियों के साथ राहगीरों से बाइक एवं अन्य वाहन मोबाईल, पैसा छिनने का भी काम करता है। उसने अपना गैंग बना रखा गया है। जिसका संचालन वह स्वयं करता है।

## मोतिहारी में पाँच लाख रुद्राक्ष का भव्य शिवलिंग की हुई स्थापना

**बीएनएम@मोतिहारी**

मोतिहारी में पांच लाख रुद्राक्ष का भव्य शिवलिंग की हुई स्थापनामोतिहारी। मोतिहारी में पांच लाख रुद्राक्ष का भव्य शिवलिंग की स्थापना की गई। यह शिवलिंग देखने में बेहद ही खूबसूरत है। बता दें कि समाजसेवी डॉ शम्भू नाथ शिकारिया ने अपने आवासीय परिसर में भव्य रुद्राक्ष शिवलिंग को स्थापित किया।यह शिवलिंग समस्त मनोकामनाओं को पूरा करने व देश प्रदेश में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से स्थापित हुई। विश्व गुरु शंकराचार्य नरेंद्रानंद, सरस्वती जी महाराज ने बैदिक मंत्रोच्चार व रुद्राभिषेक से इसकी स्थापना कराई है। इस दौरान भारी संख्या में



भक्त श्रदालुओं ने रुद्राभिषेक करते हुए रुद्राक्ष शिवलिंग की स्थापना में हिस्सा लिया है।विश्व कल्याण व भारत को विश्व गुरु बनाने की मनोकामना से शम्भूनाथ शिकारिया ने लगवाया है। रुद्राक्ष की शिवलिंग विश्व का पहला गोल्ड प्लेटेड पांच लाख रुद्राक्ष से बना है। भगवान शिव का सबसे प्यारा शिवलिंग जगतगुरु शंकराचार्य के अनुसार समस्त मनोकामनाओ की पूर्ति करता है।

## अन्ततः बेनकाब हुई तीस्ता सीतलवाड़

तीस्ता सीतलवाड़ अब पूरी तरह बेनकाब हो चुकी हैं। गुजरात दंगों पर एहसान जाफरी की पत्नी जाकिया जाफरी की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज होने के अगले ही दिन गुजरात एटीएस की टीम मुंबई में तीस्ता सीतलवाड़ के घर पहुंची और गिरफ्तार कर अहमदाबाद ले आई। तीस्ता सीतलवाड़ पर जालसाजी, आपराधिक षडयँत्र रचने और अन्य कई धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने 2002 गुजरात दंगों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एसआईटी की क्लीन चिट के खिलाफ जाकिया जाफरी की याचिका को पूरी जांच पडताल के बाद चार सौ पृष्ठों से ज्यादा के अपने निर्णय में खारिज किया था। सुप्रीम कोर्ट की ओर से यह गँभीर टिप्पणी भी की गई थी कुछ लोग कड़ाही लगातार खौलाते रहना चाहते हैं। इस टिप्पणी को तीस्ता सीतलवाड़ के एनजीओ के संदर्भ में देखा जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जकिया की याचिका में कोई मेरिट नहीं है। सबसे अहम टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट ने यह की कि इस केस में को-पेटिशनर तीस्ता सीतलवाड़ ने जकिया जाफरी की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया और उनकी भूमिका की जांच होना जरूरी है। तीस्ता सीतलवाड का असली चेहरा देश के सामने वैसे तो काफी पहले से ही आता रहा है। वह गुजरात दंगों के पीड़ितों को इंसाफ दिलाने की कथित तौर पर लड़ाई लड़ रही थी। पर अब सबको पता चल चुका है कि तीस्ता सीतलवाड़ के एनजीओ 'सबरंग ट्रस्ट' को जो विदेशी चंदा मिलता रहा है, उसका इस्तेमाल मुख्य तौर पर वह अपनी अय्याशी के लिए ही करती थीं। उसके बिल भी अब सार्वजनिक रूप से प्रकाशित हो गये हैं। वही तीस्ता सीतलवाड़ दिल्ली के शाहीन बाग में प्रकट हो गईं थीं जब वहां पर संशोधित नागरिकता कानून ( सीएए) के खिलाफ धरना चल रहा था। वह समाज में जहर फैलाने के काम में सबसे आगे रहती हैं। बेशक, देश को तीस्ता सीतलवाड़ जैसे सफेदपोश लोगों से सावधान तो रहना ही होगा। यकीन मानिए कि देश की मानवाधिकार बिरादरी से अब जनता का विश्वास उठ गया है।

## विकास के राजपथ पर सरपट दौड़ता पूर्वांचल

सियाराम पांडेय 'शांत'



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगभग अपनी सभी सभाओं में कहा करते हैं कि मजबूत इच्छाशक्ति हो, नीति और नीयत साफ हो तो काम दमदार होता है और यह अभिकथन उत्तर प्रदेश में यथार्थ बनता नजर आ रहा है। अब यह प्रश्न प्रदेश नहीं, समाधान प्रदेश बनकर उभर रहा है। उत्तर प्रदेश के उत्तम प्रदेश में तब्दील होने की इस यात्रा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके सहयोगी मंत्रियों का श्रम नजर आता है। जब से उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी है, तब से आज तक बिना रुके, बिना थके और बिना झुके उन्होंने उत्तर प्रदेश के विकास रथ को अनवरत आगे बढ़ाया है। उनकी सोच रही है कि हर जिले में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज तो होना ही चाहिए जिससे संबंधित जिले के लोगों को इलाज के लिए अनावश्यक भटकना न पड़े और यह कहने में शायद ही किसी को गुरेज हो कि उत्तर प्रदेश के हर 75 जिले में एक चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण हो रहा है। 58 जिलों में मेडिकल कॉलेज पहले ही बन चुके हैं। इस सरकार ने जहां प्रदेश के युवाओं के लिए उच्च शिक्षा के द्वार खोले हैं, वहीं प्रतियोगी परीक्षाओं में वे अन्य राज्यों के छात्रों से पीछे न रह जाएं। इसलिए हर जिले में मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग की भी व्यवस्था की है। इसके लिए राज्य सरकार के बजट में भी भारी भरकम धनराशि की व्यवस्था की गई है। गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरक्षनाथ उत्तर प्रदेश राज्य आयुष विश्वविद्यालय खोलकर जहां उन्होंने भारत की परंपरागत चिकित्सा पद्धति को जीवंतता प्रदान की है, वहीं सैनिक स्कूल एवं गुरु गोरखनाथ विश्वविद्यालय की स्थापना कर पूर्वांचल को बड़ा शैक्षिक उपहार भी दिया है। आजमगढ़ में महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना को भी कमोवेश इसी आलोक में देखा-समझा जा सकता है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में उच्चस्तरीय लैब एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट खोलकर जहां उन्होंने पूर्वांचल की स्वास्थ्य चिंताओं का समाधान किया है, वहीं कोविडकाल में हर जिले के अस्पतालों को विशेष चिकित्सा सुविधाओं से जोड़ने, उन्हें आधुनिक बनाने और उन्हें विस्तार देने का काम भी युद्धस्तर पर किया है। गोरखपुर खाद कारखाना का पुनर्संचालन एवं विस्तारीकरण कर जहां उन्होंने किसानों की खाद की समस्या का समाधान किया है, वहीं बेरोजगारों के लिए भी रोजगार की बड़ी संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने पूर्वांचल की सभी नदियों के तटबंध जहां पक्के कराए हैं। बांधों की स्थापना की। उनके कार्यकाल में ही केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के प्रयास से 40 वर्षों से लंबित सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना पूर्णता को प्राप्त हुई। इससे पूर्वांचल के 12 जिलों के किसानों को भरपूर लाभ मिल रहा है। कहना न होगा कि ऐसा होने से वहां की जमीन की उत्पादन क्षमता अप्रत्याशित रूप से बढ़ गई है। मुंडेरवा और पिपराइच की चीनी मिलों का जहां पुनर्संचालन किया गया, वहीं उत्तर प्रदेश के सभी चीनी मिलों का आधुनिकीकरण और विस्तार किया गया। योगी सरकार को पता है कि किसी भी प्रदेश के विकास का दरवाजा खोलने के लिए बेहतर परिवहन व्यवस्था जरूरी होती है। सड़कें अच्छी हों तो व्यापार और व्यवहार दोनों ही में व्यापक सुधार होता है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, बलिया लिंक एक्सप्रेस-वे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण जनसरोकारों के प्रति उनकी गंभीरता को रेखांकित करता है। गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज में मेट्रो परियोजना का काम शुरु हो चुका है।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं)।**

Today's **Opinion**

## *भाजपा-शिवसेना सरकार, पूरी हुई महाराष्ट्र की दरकार*




**सुरेश हिन्दुस्थानी**

महाराष्ट्र में लंबे समय तक चली राजनीतिक लड़ाई के परिणामस्वरूप आखिरकार राज्य में भाजपा-शिवसेना की सरकार बन गई। शिवसेना किसकी है और भविष्य में किसकी होगी, इसकी प्रतीक्षा करनी होगी, लेकिन जहां तक मुख्यमंत्री बनाए गए एकनाथ शिंदे की बात है तो वह आज भी अपने आपको शिवसेना का विधायक ही मानते हैं। इसलिए इसे भाजपा और शिवसेना की सरकार कहा जाना कोई अतिरेक नहीं है। इस पक्ष पर लोकतांत्रिक दृष्टि से अध्ययन किया जाए तो यही कहा जा सकता है कि राज्य की जनता ने भाजपा और शिवसेना को सरकार बनाने का जनादेश दिया था। इसलिए महाराष्ट्र की नई सरकार को जनता की भावनाओं का सम्मान ही माना जा सकता है। लेकिन सवाल यह भी है कि अब उद्धव ठाकरे क्या आसानी से अपने अपमान को बर्दाश्त कर लेंगे। जिस प्रकार से संजय राउत और आदित्य ठाकरे ने धमकी वाले बयान दिए, उसकी परिणति क्या होगी, यह आने वाला समय ही बताएगा। मगर ऐसे बयानों ने ही बागियों के आक्रोश को और ज्यादा मुखरित करने का ही कार्य किया। महाराष्ट्र में भाजपा ने जिस प्रकार से एकनाथ शिंदे के हाथ में सत्ता की बागडोर सौंपी है, उसके कई निहितार्थ हो सकते हैं। उसमें एक तो यही समझ में आ रहा है कि अगर भाजपा का मुख्यमंत्री बनता तो आगामी चुनाव में इसे कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी इसे अपने हिसाब से जनता के सामने प्रस्तुत करतीं और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे इस मामले पर भाजपा को घेरकर सहानुभूति जुटाने की राजनीति करते, लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि महाराष्ट्र की प्रादेशिक राजनीति में भविष्य में होने वाले दुष्प्रचार को भाजपा ने रोक दिया है। राजनीतिक रूप से इसे विश्लेषित किया जाए तो दूसरी सबसे बड़ी बात यह भी सामने आ रही है कि मराठा राजनीति के क्षत्रप के रूप में स्थापित हो चुके शरद पवार के समक्ष एक और कद्दावर नेता को मराठा जमीन पर स्थापित किया जाए, ऐसे में एकनाथ शिंदे ही एक मात्र ऐसे नेता दिखाई दिए। इसीलिए इनको मुख्यमंत्री के रूप में स्थापित किया गया। इसमें एक और राजनीतिक पक्ष यह भी है कि शिवसेना पर जिस प्रकार से ठाकरे परिवार का एकाधिकार था, उसे कैसे समाप्त किया जाए। शिवसेना के ही कुछ नेता अपनी पार्टी के बारे में एक परिवार की पार्टी होने का जो भ्रम फैला रहे थे, उसे दूर करने के लिए ही यह सारा राजनीतिक खेल खेला गया । जहां तक भारतीय जनता पार्टी के नेता देवेन्द्र फडणवीस के उप मुख्यमंत्री बनने की बात है तो इसे भी राजनीतिक नजरिये से सही ही ठहराया जा रहा है, लेकिन यह भी सही है कि पांच वर्ष राज्य की सत्ता का सफल संचालन करने वाले देवेन्द्र फडणवीस पिछले दो महीने में अपने आपको कुशल रणनीतिकार स्थापित करने में सफल सिद्ध हुए हैं। हालांकि दिलचस्प बात यह है कि जब फडणवीस 2014 से 2019 तक मुख्यमंत्री थे, तो उन्होंने उप मुख्यमंत्री पद के निर्माण का विरोध करते हुए कहा था कि यह एक और शक्ति केंद्र बनाता है जो प्रशासन के लिए स्वस्थ नहीं है। लेकिन अब वे उप मुख्यमंत्री बनने के लिए तैयार हो गए, जो समझ से परे भी लग रहा है। सवाल यह है कि जो व्यक्ति स्वयं उप मुख्यमंत्री पद के समर्थन में नहीं था, वह अनायास ही इस पद को ग्रहण करने के लिए तैयार हो जाए, यह बात हजम नहीं हो रही है। समय की मांग के हिसाब से और राजनीतिक कद के हिसाब से भी मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस को ही बनना चाहिए था। परंतु ऐसा लगता है कि भाजपा में भी इस मामले में एक राय नहीं थी। खैर...। अब हम अपने मूल विषय पर आते हैं। महाराष्ट्र में भाजपा और शिवसेना के बागी विधायकों के गठबंधन से बनी नई सरकार से हिंदुत्व की ओर एक और कदम बढ़ गया है। यहां हिन्दुत्व का आशय मात्र एक समाज का नहीं है, बल्कि हिन्दुत्व का आशय भारतीयता से है। अब तक शिवसेना का रिमोट कंट्रोल मातोश्री से संचालित हुआ करता था जो उसके हाथ से बहुत दूर होता जा रहा है। बागी नेता एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री बनने के साथ ही उद्धव ठाकरे के अरमान धरे के धरे रह गए।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध है)।**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796, प्रसार:-9470050309
ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# राष्ट्रपति पद पर बैठने वाला अपने संवैधानिक दायित्वों को निभाए: यशवंत सिन्हा



बीएनएम@रायपुर

रायपुर। राष्ट्रपति पद के लिए संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने शुक्रवार को ने छत्तीसगढ़ के कांग्रेस विधायकों के साथ संवाद कर चुनाव में समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि यह संख्या बल की नहीं विचारधारा की लड़ाई है। आज देश में जो हालात हैं, देश को खामोश राष्ट्रपति नहीं चाहिए। ऐसे भी लोग इस पद पर आए, जिन्होंने इसकी शोभा बढ़ाई है। राष्ट्रपति पद पर वहीं बैठे, वह अपने संवैधानिक दायित्वों को निभाए। शुक्रवार को रायपुर में कांग्रेस विधायकों से संवाद के बाद यशवंत सिन्हा ने स्थानीय एक होटल में मीडिया से वार्ता की। सिन्हा ने केंद्र सरकार पर सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि यह बहुत ही चिंता का विषय है कि अपने प्रतिद्वंदियों को दबाने के लिए सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रह है। सिन्हा ने कहा कि अभी जो भाजपा है, वह वह भाजपा नहीं है, जिसमें मैं था। वह पार्टी पहले दल के भीतर फिर बाहर सहमति बनाने की कोशिश करती थी। अब यहां सहमति का कोई स्थान नहीं है। हमने अपने चुनाव अभियान की शुरुआत दिल्ली से बेहद दूर केरल के तिरुअंनतपुरम से की है। वहां हमें सौ प्रतिशत वोट मिल रहे हैं। केरल सेक्युलर जगह है। सब लोग मेरे साथ हैं। सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ से मेरा गहरा संबंध है। आज से करीब 60 साल पहले मैं यहां भिलाई आया था, यहीं मेरी शादी हुई थी तो इसलिए बराबर छत्तीसगढ़ से मैं विशेष लगाव महसूस करता हूं। उन्होंने कहा कि मुझे जो भी दल समर्थन दे रहे हैं, मैं सभी का आभारी हूं। उसके अलावा भाजपा के जो हमारे मित्र हैं, जो पुराने साथी हैं, उन्हें भी अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए। वे लकीर के फकीर न बनें। यह लड़ाई विचारधारा की है, संवैधानिक मूल्यों को बचाने और उसे नष्ट करने वालों के बीच की है। आडवाणी से समर्थन मांगने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि आडवाणी वयोवृद्ध नेता हैं और अभी बीमारी के दौर में किसी से नहीं मिल रहे हैं। उनकी बेटी से बात हुई है फोन पर। धारा 124 पर सिन्हा ने कहा कि इसे हमारी कानून व्यवस्था का अंग नहीं होना चाहिए। सरकार का यह काम है राष्ट्रपति का नहीं। मैं सिर्फ मशवरा दे सकता हूं। राष्ट्रपति बनने के बाद मेरी प्राथमिकता संविधान में जो सही है, उस में ही रहेगी। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी मौजूद थे।

## NEWS IN BRIEF

### असम में बाढ़ से 30 जिलों के 29 लाख से अधिक लोग अभी भी प्रभावित

गुवाहाटी। असम में बाढ़ की स्थित अभी भी गंभीर बनी हुई है। यहां 30 जिलों की 29 लाख से अधिक आबादी अभी भी बाढ़ से प्रभावित है। वहीं गृह मंत्रालय की एक अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम (आईएमसीटी) ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया है। टीम ने जिला प्रशासन के साथ बाढ़ की स्थिति पर चर्चा की है और नुकसान की भरपाई के लिए त्वरित प्रतिक्रिया का आश्वासन दिया है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की ओर से शुक्रवार को जारी बुलेटिन के अनुसार राज्य के 30 जिलों के 2,450 गांवों की 29,70,405 आबादी अभी भी बाढ़ से प्रभावित है। 63314.75 हेक्टेयर फसल क्षेत्र अभी भी जलमग्न है। पिछले 24 घंटों में 14 लोगों की जान बाढ़ के चलते चली गई है। इस वर्ष बाढ़ और भूस्खलन से अब तक कुल 173 लोगों की जान गई जा चुकी है। 563 राहत शिविर और 331 राहत वितरण केंद्र अभी भी प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे हैं।

### उदयपुर के आईजी और एसपी को हटाया गया

जयपुर। राजस्थान सरकार ने गुरुवार आधीरात को 10 जिलों के एसपी सहित 32 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। उदयपुर में कन्हैयालाल (42) की बर्बर हत्या के बाद आईजी हिंगलाजदान और एसपी मनोज कुमार को हटा दिया गया। अब प्रफुल्ल कुमार उदयपुर रेंज के नए आईजी और विकास शर्मा एसपी होंगे। शर्मा पहले अजमेर में एसपी थे। गुरुवार दोपहर एसपी मनोज कुमार ने एसएचओ को सस्पेंड किया। देररात सरकार ने उन्हें भी हटा दिया। हिंगलाजदान को अब ह्यूमन राइट्स का जिम्मा दिया गया है।

## पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा धूमधाम से शुरु

बीएनएम@भुवनेश्वर

भुवनेश्वर। कोरोनाकाल में दो वर्ष तक बिना भक्तों के रथयात्रा संपन्न होने के बाद इस बार भक्त और भगवान का पुरी के बडदांड में मिलन हो रहा है। पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर की विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ रथयात्रा शुक्रवार को शुरु हो गई। भगवान के रथ की एक झलक पाने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु बडदांड पहुंच रहे हैं । सबसे पहले चक्रधारी सुदर्शन, माता सुभद्रा को देवदलन रथ पर स्थापित करने के बाद भगवान बलभद्र को तालध्वज रथ पर रथारूढ़ किया गया । बड़े भाई और बहन के रथारुढ़ होने के बाद जगत के नाथ जगन्नाथ भी अपने रथ नंदिघोष पर रथारूढ़ हुए। तीनों भगवान को पहंडी नीति के अनुसार उनके रथों पर रथारूढ़ किया गया । शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने रथों पर भगवान के दर्शन किए। श्रीजगन्नाथजी के आद्य सेवक पुरी के गजपति महाराज दिव्य सिंह देव छेरा पहंरा नीति का संपादित कर रहे हैं।

## नूपुर पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों को वापस लेने की मांग, सीजेआई को पत्र

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। नूपुर शर्मा पर सुप्रीम कोर्ट की मौखिक टिप्पणी पर एक वकील अजय गौतम ने चीफ जस्टिस एनवी रमना को पत्र याचिका भेजी है। पत्र में कहा गया है कि नूपुर का बयान धार्मिक ग्रंथ का हिस्सा है लेकिन दबाव बनाने को योजनाबद्ध हिंसा की गई। पत्र में इन टिप्पणियों को वापस लेने की मांग की गई है। पत्र में कहा गया है कि नूपुर शर्मा की जान पर खतरा है। बिना मुकदमा चले और कुछ साबित हुए सुप्रीम कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी की है। पत्र में इन टिप्पणियों को वापस लेने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ही इस मामले पर सुनवाई करते हुए मौखिक टिप्पणी की कि नूपुर शर्मा को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। कोर्ट ने पैगंबर पर टिप्पणी के लिए कई राज्यों में नूपुर शर्मा के खिलाफ दर्ज एफआईआर को जांच के लिए दिल्ली स्थानांतरित करने की मांग पर सुनवाई करते हुए ये टिप्पणी की थी। कोर्ट ने नूपुर शर्मा को दूसरे कानूनी विकल्प आजमाने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि नूपुर के बयान से देश उबल गया। कोर्ट ने कहा था कि नूपुर को खतरा है या उनके बयान से देश खतरे में पड़ गया है। कोर्ट ने कहा था कि आपने देर से माफी मांगी, आपने माफी मांगने में काफी देर कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सत्ता की ताकत दिमाग पर हावी नहीं होना चाहिए। नूपुर शर्मा को क्यों नहीं गिरफ्तार किया गया। शायद दिल्ली पुलिस ने रेड कारपेट बिछा रखा है।

## उद्धव ठाकरे ने एकनाथ शिंदे को शिवसेना के नेता पद से हटाया

बीएनएम@मुंबई

मुंबई। मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने बड़ा कदम उठाते हुए एकनाथ शिंदे को पार्टी के नेता पद से हटा दिया है। शिवसेना की ओर से ठाणे स्थित एकनाथ शिंदे के आवास नंदनवन बंगले पर इस आशय का पत्र भेजा गया और इस पत्र पर रिसीविंग हस्ताक्षर भी लिया गया है। महाराष्ट्र में कई दिनों तक चले सियासी बवाल के बाद गुरुवार को भाजपा के समर्थन से एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बने। साथ ही भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। इस बीच शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को शिंदे को पार्टी के नेता पद से हटा दिया। पत्र में कहा गया है कि आप पार्टी विरोधी गतिविधियां कर रहे हैं। आपने स्वेच्छा से शिवसेना की सदस्यता से इस्तीफा दिया है, इसलिए आपके खिलाफ यह कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि बागी विधायकों की बगावत के बाद शिवसेना के सभी पदाधिकारियों की एक बैठक दादर स्थित शिवसेना पार्टी कार्यालय सेना भवन में आयोजित की गई थी



# सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध प्रभावी




बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। समूचे देश में (शुक्रवार) से सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के उत्पादन, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध प्रभावी हो गया है। प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम के अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक की कुल 19 वस्तुओं पर यह प्रतिबंध प्रभावी है। इनमें थर्माकोल से बनी प्लेट, कप, गिलास, कटलरी जैसे कांटे, चम्मच, चाकू, पुआल, ट्रे, मिठाई के बक्सों पर लपेटी जाने वाली फिल्म, निमंत्रण कार्ड, सिगरेट पैकेट की फिल्म, प्लास्टिक के झंडे, [illegible] की छड़ें और [illegible] वाली [illegible] कैंडी स्टिक और 100 माइक्रोन से कम के बैनर शामिल हैं। अगस्त 2021 में अधिसूचित नियम और 2022 में सिंगल यूज प्लास्टिक को चरणबद्ध रूप से समाप्त करने के प्रयासों के तहत 31 दिसंबर, 2022 तक प्लास्टिक कैरी बैग की न्यूनतम मोटाई को मौजूदा 75 माइक्रोन से 120 माइक्रोन में बदल दिया जाएगा। मोटे कैरी बैग सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने के उद्देश्य से लाए जाएंगे। प्रतिबंध को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए राष्ट्रीय और राज्यस्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएंगे। अधिकारी इस पर निगरानी रखेंगे। सिक्किम में 1998 से प्रतिबंधः सिक्किम पहला राज्य है जिसने 1998 में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया। सरकार ने प्लास्टिक बैग की मोटाई के लिए एक मानक तय किया है और खुदरा विक्रेताओं द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले बैग के लिए शुल्क अनिवार्य कर दिया है। प्लास्टिक प्रदूषण रोकने के लिए सार्वजनिक स्थलों, राष्ट्रीय संपदाओं, जंगलों और समुद्री तटों पर सफाई अभियान शुरु किए गए हैं। देश में हर साल 9200 मीट्रिक टन प्लास्टिक कचराः पर्यावरण और पारिस्थितिकी विकास सोसाइटी ने दिल्ली में प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के लिए बीट प्लास्टिक प्रदूषण नाम दिया गया। केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण प्राधिकरण और केंद्रीय लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्यम मंत्रालय छोटी औद्योगिक इकाइयों को प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के विकल्प के उत्पादन के लिए तकनीकी सहायता देंगे

Saturday
02 July 2022

BNM Fantasy



# कंगना ने की नए सीएम शिंदे की तारीफ

महाराष्ट्र की सियासत में बीते दिन बड़ा उलटफेर देखने को मिला। उद्धव ठाकरे के इस्तीफा देने के बाद एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री बनाये गए। सोशल मीडिया पर जहां हर कोई महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री की तारीफ कर रहा है। वहीं बॉलीवुड की क्वीन कंगना रनौत ने भी एकनाथ शिंदे की जमकर तारीफ की है। कंगना रनौत ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर एकनाथ शिंदे की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा-'इनकी सफलता की कहानी कितनी प्रेरणादायक है......अपना जीवन जीने के लिए ऑटो रिक्शा चलाने से लेकर देश के सबसे महत्वपूर्ण और शक्तिशाली लोगों में से एक बनने तक... बधाई हो सर।'

# अवॉर्ड शो में इतने बोल्ड कपड़े पहनकर पहुंच गईं अंकिता लोखंडे

टीवी जगत की मशहूर अदाकारा अंकिता लोखंडे हाल ही में अपने पति के साथ एक अवॉर्ड शो में पहुंची थीं. इस अवॉर्ड शो के लिए अंकिता ने ऐसे कपड़े पहन लिए थे कि उनका संभलना तक मुश्किल हो रहा था. गाड़ी से उतरते वक्त जैसे-तैसे उन्हें अपनी लाज बचानी पड़ी.अंकिता ) हाल ही में पति विक्की जैन के संग एक इवेंट में पहुंची थीं. इस इवेंट में उन्होंने ग्रीन कलर की खूबसूत शिमरी ड्रेस पहनी हुई थी. लेकिन इस ड्रेस का गला इतना ज्यादा डीप था कि उन्हें गाड़ी से उतरने में काफी मशक्कत करनी पड़ी. जी हां, अंकिता लोखंडे जैसे ही अपनी कार से उतरने वाली होती हैं तो वह अपने गाउन पर हाथ रख लेती हैं. वीडियो देखने के बाद लोग उनको जमकर ट्रोल कर रहे हैं. आपको बता दें, विक्की जैन और अंकिता लोखंडे की शादी पिछले साल 14 दिसंबर को हुई थी. दोनों ने काफी धूमधाम से यह शादी की थी. हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने घर में गृह प्रवेश किया. इसका वीडियो उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया. अंकिता ने फैंस को अपने 8 BHK घर की झलक दिखाई. ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है. अंकिता की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, एकता कपूर ने लिखा 'ये प्यारी अर्चना से अलग है'. इसके अलावा उनकी फिल्म 'मणिकर्णिका' की को-एक्टर कंगना रनौत ने लिखा, 'कितना प्यारा.' वहीं, एक इंस्टाग्राम यूजर ने लिखा, 'वाह मैम! आपकी जोड़ी एकदम परफेक्ट लग रही है! आप दोनों सच में एक दूसरे के लिए बने हो.



# आवाज के जादूगर थे मशहूर सिंगर मोहम्मद अजीज

***बर्थडे स्पेशल 2 जुलाई***



प्लैबैक सिंगर मोहम्मद अजीज आज भले ही हमारे बीच न हो लेकिन उनकी गाए हुए गाने आज भी सुनकर हमारे दिन को सुकुन मिलता है। 2 जुलाई, 1954 को जन्मे मोहम्मद अजीज का पूरा नाम सईद मोहम्मद अजीत उल नबी था। बचपन से ही संगीत में खास रुचि रखने वाले मोहम्मद अजीज ने कोलकाता में ही संगीत गायन की शिक्षा ली। मोहम्मद अजीज बचपन में सामाजिक और पारिवारिक समारोहों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते और अपनी गायन कला का प्रदर्शन करते थे । रेस्टोरेंट में गाना गाने वाले मोहम्मद अजीज को बतौर गायक पहला मौका एक बंगाली फिल्म से मिला था। लेकिन जल्द ही अजीज ने मुंबई का रुख किया और 1984 में ही हिंदी फिल्म 'अम्बर' से बॉलीवुड में कदम रखा । एक बार मोहम्मद अजीज ने कोलकाता के गालिब रेस्टोरेंट में गाना गा रहे थे। इसी दौरान फिल्म निर्देशक मनमोहन देसाई का ध्यान उन पर गया। उन्होंने ही अजीज का परिचय अनु मलिक से करवाया। और उन्हें मर्द फिल्म में गाने का मौका मिला। जहां एक तरफ फिल्म के सारे गाने शब्बीर कुमार ने गाए वहीं टाइटल ट्रैक मोहम्मद अजीज ने गाया जो बहुत पॉपुलर भी हुआ। इसके बाद अजीज को कई फिल्मों में गाने के ऑफर मिलने लगे। उस दौर का हर बड़ा कलाकार मोहम्मद अजीज के साथ काम करने के लिए बेताब था। मर्द के अलावा मोहम्मद अजीज ने अपने पूरे जीवन में 20 हजार से भी ज्यादा गाने गाए। उन्होने हिंदी के अलावा बंगाली और उड़िया फिल्मों में भी गीत गाये हैं और कई भजन को भी अपनी आवाज दी। मोहम्मद अजीज 80 और 90 के दशक के सबसे बेहतरीन गायक माने जाते थे। इन्होने राम लखन, खुदा गवाह, वतन के रखवाले, त्रिदेव, स्वर्ग, हिना, और आदमी खिलौना है जैसी कई हिट फिल्मों में भी अपनी आवाज दी। लेकिन 27 नवंबर, 2018 को संगीत की दुनिया की इस शख्शियत का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। मोहम्मद अजीज संगीत की दुनिया का वह स्वर्णिम अध्याय हैं, जो सदैव दर्शकों के दिलों में अपनी ख़ूबसूरत आवाज और गायकी की बदौलत अमर रहेंगे।